केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/243 — दिनांक: 23.06.2016
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00242
CICOM/R/2016/00605

अपीलकर्ता : श्री हेमन्त चौहान,
उप डाकघर बस स्टेशन,
पौड़ी – 246001.

निर्णय की तारीख : 23.06.2016

आर.टी.आई. आवेदन की तिथि	15.04.2016
आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि	18.05.2016
प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी	श्री योगेश कुमार सिंहल
प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि	30.05.2016
आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि	141043/02.06.2016
प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि	327/09.06.2016

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से सन् 1934 में वर्मा (म्यान्मार) की सेना में कार्यरत स्व0 श्री माल सिंह से संबंधित 12 बिंदुओं पर सूचनाएं मागी थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री योगेश कुमार सिंहल, संयुक्त सचिव व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना से व्यथित होकर अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि श्री योगेश कुमार सिंहल, संयुक्त सचिव व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना कि "आपके द्वारा मांगी गई सूचना का धारक केन्द्रीय सूचना आयोग नहीं है" से व्यथित होकर अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है । चूंकि अपीलकर्ता द्वारा वांछित सूचना म्यान्मार की सेना से संबंधित है, अतः श्री योगेश कुमार सिंहल, संयुक्त सचिव व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी प्रदान की गई सूचना बिल्कुल सही है तथा अधोहसताक्षरी इससे पूर्णतः सहमत हैं ।

3. तद्रुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, यदि कोई हो, आदेश प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

प्रथम अपील हेतु कोई शुल्क देय नहीं है अतः संलग्न दस रू0 का भारतीय पोस्टल आर्डर सं. 33 एफ 817173 आपको वापस किया जाता है ।

संलग्नक : यथोपरि ।

O/C

अचला सिन्हा

(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :
केन्द्रीय सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

C.I.C./के० सू० आ०
RECEIVED
30 JUN 2015
Initials

30/6/16

C.I.C./के० सू० आ०
ISSUED
30 JUN 2016
D No.
Initials